हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून 2025



## खबर संक्षेप

### भजन संध्या आज

राजनांदगांव। सुकुलदैहान समीपस्थ सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में कल एक जून को सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पर्व पर छत्तीसगढ़ राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा सांसद संतोष पांडे के अनुशंसा पर सुप्रसिद्ध भजन गायक दूरदर्शन एवं रेडियो कलाकारों सरल सरिता भजनामृत मंडली के संचालक सुरेश ठाकुर एवं साथियों द्वारा संध्या 4 भजन-कीर्तन होगा। इस अवसर पर राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा के सानिध्य में प्रारंभ किया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि लता अजय सिन्हा, गुलाब वर्मा, नरबद वर्मा की उपस्थिति रहेगी।

# जून में गुप्त नवरात्र और रथयात्रा के साथ आषाढ़ का होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंग्रेजी माह के मध्यान्ह जून में ज्येष्ठ एवं आषाढ़ माह का संयोग बन रहा है। वहीं त्यौहार एवं व्रत का क्रम भी होगा। जिसमें प्रमुख रूप से महेश नवमी, गुप्त नवरात्र, रथयात्रा सहित अन्य पर्व का समावेश होगा। एक ओर जहां लोग व्रत त्यौहारों में व्यस्त रहेंगे। वहीं अंचल के ग्रामीण इलाकों में किसान त्यौहार मनाने के साथ ही किसानी कार्य में व्यस्त हो जाएंगे।

बदलते समय चक्र के साथ ही कल रविवार से जून माह प्रारंभ हो जाएगा। जिसमें एक और तपिश भरे ज्येष्ठ माह की विदाई होगी। वहीं आषाढ़ माह बारिश की सौगात लिए प्रारंभ होगा। अन्य महीनों की अपेक्षा जून माह का विशेष महत्व इसलिए भी है कि इस माह पर्व एवं व्रतों की श्रृंखला भी बनी रहेगी।

इसी तरह राशि चक्र में 6 जून को बुध का मिथुन राशि में गोचर, 7 को मंगल का सिंह राशि में गोचर, 9 को बृहस्पति का मिथुन राशि में अस्त, 11 को बुध का मिथुन राशि में उदय, 15 को सूर्य का मिथुन राशि में गोचर, 22 को बुध का कर्क राशि में गोचर, 29 को शुक्र का वृषभ राशि में गोचर होगा। पूरा जून माह श्रद्धा भक्ति भरा होगा।

## पांच को पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा, 26 से गुप्त नवरात्र

### लगातार पर्वों का क्रम

पंचांग के मुताबिक जून माह में लगातार पर्वों का क्रम है। जिसमें प्रमुख रूप से 4 जून को महेश नवमी, 5 को गंगा दशहरा, 6 को निर्जला एकादशी, 8 का प्रदोष व्रत, 10 को वट सावित्री पूर्णिमा व्रत, 11 को कबीर दास जयंती ज्येष्ठ पूर्णिमा होगी। इसके साथ ही तपिश भरे ज्येष्ठ माह की विदाई होगी और 12 जून से आषाढ़ का महीना शुरू हो जाएगा। जिससे किसानों का रूख खेतों की ओर होगा और किसानी कार्य में तेजी आ जाएगी। किसान किसानी कार्य मे जुट जाएंगे।



### रथयात्रा 27 को

जून आषाढ़ माह में 14 को संकष्टी चतुर्थी, 15 को मिथुन संक्रांति, 21 को योगिनी एकादशी, 23 को प्रदोष महाशिवरात्रि, 25 को आषाढ़ अमावस्या, 26 को गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की भक्त गुप्त रूप से पूजा अर्चना करेंगे, 27 को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा है। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे और भक्त भगवान का रथ खींचकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। 28 जून को विनायक चतुर्थी व्रत पर्व होंगे, जिसे लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।

## डीएपी और पोटाश में राहत, धान और दलहन के महंगे बीज तोड़ेंगे कमर

# दो साल में 12 सौ रुपए तक बढ़ गए धान बीज के दाम, डीएपी-यूरिया में थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में पिछले कुछ सालों में जहां धान की कीमत में इजाफा देखने को मिला है। वहीं इसकी खेती भी लगातार महंगी होती जा रही है। आलम यह है कि महज दो साल में ही धान बीज के दाम 12 सौ रुपए प्रति क्विंटल तक बढ़ गए हैं। ऐसे में धान की खेती की लागत भी किसानों के लिए दोगुना तक पहुंच गई है। हालांकि किसानों के लिए राहत यह है कि इस बार डीएपी, यूरिया जैसे खाद की कीमत में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

इधर बीज निगम द्वारा वर्ष 2025 खरीफ सीजन के लिए जारी किए गए बीज के दाम में डेढ़ सौ से एक हजार रुपए तक की बढ़ोत्तरी कर अंचल के किसानों को चिंता में डाल दिया है। ज्ञात हो कि पिछले साल भी बीज के दाम में 5 से 7 सौ रुपए तक का इजाफा हुआ था। ऐसे में जिले में सर्वाधिक होने वाली धान फसल के लिए भी बीज में प्रति क्विंटल सौ से डेढ़ सौ तक अधिक दाम चुकाने होंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य बीज निगम हर साल प्रमाणित बीजों का मूल्य निर्धारण करता है। वर्ष 2023 से तुलना करें तो बीज के दाम में बेहद बढ़ोत्तरी हुई है। दो साल में बढ़े दाम ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। जानकारी अनुसार धान मोटा बीज पिछले साल वर्ष 2024 में 34 सौ रुपए बोरी थी, जो इस बार 2025 में बढ़कर 3550 हो गई है। जबकि वर्ष 2023 में यह 2688 रुपए तक सीमित था। वहीं धान पतला बीज पिछले साल 39 सौ रुपए निर्धारित था, जो इस बार बढ़कर 4030 रुपए हो गया था।

दो साल पहले यह 2882 रुपए तक था। सुगंधित धान की बात करें तो पिछले साल यह 4500 रुपए था, जो इस बार बढ़कर 4650 हो गया है। दो साल पहले यह 3264 तक सीमित था। इस तरह देखा जाए तो दो साल में बीज के बढ़ते दाम ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है।



### ऐसे समझे दाम

खरीफ 2025 के लिए बीज निगम ने बढ़ाए दाम, महंगी होगी खेती..धान में प्रति क्विंटल डेढ़ सौ तक इजाफा

| किस्म | 2024 | 2025 |
|---|---|---|
| धान मोटा | 3400 | 3550 |
| धान पतला | 3900 | 4030 |
| धान सुगंधित | 4500 | 4650 |
| कोदो | 7200 | 7300 |
| मूंग | 11200 | 11400 |
| कुल्थी | 7600 | 7750 |

### दो साल से कम दर पर सोयाबीन मिलेगा

धान के बाद खरीफ में सोयाबीन की डिमांड अधिक होती है। पिछले दो साल में सोयाबीन के दर 8200 रुपए तक चले गए थे, लेकिन इस बार इसके दर को कम कर 74 सौ रुपए कर दिया गया है। सोयाबीन के दाम में 12 सौ रुपए की गिरावट आई है। वर्ष 2023 में यह 7776 रुपए था। वहीं उड़द बीज पिछले साल 12500 प्रति क्विंटल था, जो कम होकर 11300 दर निर्धारित किया गया है। जबकि सबसे ज्यादा रागी जो पिछले साल 3400 था, उसे सीधे बढ़ाकर इस बार 4500 रुपए कर दिया गया है। मूंगफली पिछले साल की तरह 11900 पर ही है। वहीं ढेंचा 9900, सनई 11600 के दाम पिछले साल की तरह है।

### डीएपी व यूरिया में राहत, पोटाश सस्ता

इस बार किसानों को डीएपी में राहत मिली है। डीएपी पचास केजी का दर पिछले साल की तरह 1350 रुपए है। खेती में इसकी उपयोगिता शुरूआत से आखिर समय तक रहती है। बहरहाल सोसायटी में इसका भंडारण शुरू हो गया है। वहीं यूरिया भी पिछले साल की तरह 266 रुपए पर है। वहीं पोटाश 1650 से कम होकर 1555 हो गया है। इस तरह खाद में किसानों को इस बार राहत मिलेगी।

### सभी किस्म में डेढ़ सौ रुपए तक इजाफा

खरीफ सीजन में सोयाबीन और उड़द को छोड़ धान, कोदो, रागी, मूंग, कुल्थी, मूंगफली और तिल के बीज के दाम सौ से डेढ़ सौ रुपए प्रति तक महंगे हो गए हैं। रबी फसल तैयार होने के बाद खरीफ सीजन में किसानों को इस साल आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। खरीफ सत्र 2025 में अनाज, दहलन और तिलहन के बीज की नई दर शासन स्तर से लागू कर दी गई है।

# आधी रात मकान में घुसे हथियार बंद नकाबपोश चोर

## चोरी का असफल प्रयास, जांच पड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के अर्बन रेंगीजेंसी कालोनी में आधी रात नकाबपोश चोरों ने प्रवेश किया और एक घर में चोरी का प्रयास किया। घर के लोगों के जागने और शोर-शराबा मचाने से चोर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है।

शहर में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। बाइक से लेकर चोर घरों में घुसकर चोरी को अंजाम दे रहे हैं। बीती रात शहर के अर्बन रेंगीजेसी कालोनी स्थित मकान में चार-पांच नकाबपोश चोरों ने चोरी का प्रयास किया। बताया गया कि चोर दीवार फांदकर प्रवेश किए थे।

### लखोली के कालोनी में चोरी

शहर में लगातार चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इधर लखोली स्थित शांति विजय कालोनी स्थित एक मकान का दरवाजा एवं आलमारियां तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम लाखों की चोरी कर लिए। चोरी की इस घटना से आसपास के रहने वालों में सनसनी फैल गई है। इस मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई है।

### शोर-शराबा होने पर भागे चोर

मकान के खिड़की का लोहे का ग्रील काटकर चोरों ने प्रवेश करने के बाद जब कमरे में पहुंचे, इस दौरान मकान मालिक जाग गए। कुछ आहट होने पर उन्होंने शोर-शराबा मचाया, तब चोर वहां से भागने का प्रयास करने लगे। बताया गया कि यहां मौजूद गार्डों ने चोरों का पीछा भी किया, जिन्हें मारने की धमकी भी दी गई। इधर घटनाक्रम की जानकारी जैसे ही लोगों को हुई हड़कंप मच गया था। इस घटना की सूचना मिलने पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ एवं जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस उक्त क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस मामले की रिपोर्ट समाचार लिखे जाने तक दर्ज नहीं कराई गई थी।

### राजस्व शिविर 4 से

राजनांदगांव। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में 4 से 14 जून तक तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन संबंधित तहसील परिसर में किया जाएगा। इसके अंतर्गत तहसील मुख्यालय राजनांदगांव में 4 जून, डोंगरगढ़ में 5 जून, डोंगरगांव में 6 जून, घुमका में 7 जून, लालबहादुर नगर में 12 जून, तहसील मुख्यालय कुमरदा में 13 जून एवं तहसील मुख्यालय छुरिया में 14 जून को तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# वाटर पार्क में डूबने से बच्चे की मौत, संचालक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पास एक्वा विलेज वाटर पार्क वेब पुल इंदामरा में विगत दिनों परिवार के साथ नहाने गए एक बालक की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग जांच करते हुए संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदामरा स्थित एक्वा विलेज वाटर पार्क में 9 मई को इन्द्रप्रस्थ नगर आमगांव जिला गोदिंया निवासी अंशुल भांडारकर उम्र लगभग 13 वर्ष अपने परिजनों के साथ नहाने के लिए आया हुआ था। इस दौरान वाटर पार्क में नहाते वक्त उक्त बालक पानी में डूब गया, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। इस घटना से मौके पर पार्क में मौजूद लोगों में सनसनी फैल गई थी।

### मर्ग जांच पश्चात मामला दर्ज

इधर इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों एवं साक्षीगणों के कथनानुसार तथा घटना के संबंध में प्राप्त शिकायत जांच पर तथा घटनास्थल एकवा विलेज वाटर पार्क के वेब पुल में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज के अवलोकन पश्चात पाया गया कि वाटर पार्क के संचालक द्वारा सुरक्षा उपायों गी व्यवस्था न कर सुरक्षा के प्रति उपेक्षा एवं लापरवाही बरतने के फलस्वरूप उक्त बालक की वेब पुल की पानी में डूबने से मृत्यु हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में पुलिस ने वाटर पार्क के संचालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।




# कुत्ते को बाइक में बांधकर घसीटा, मामला पहुंचा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली क्षेत्र में एक कुत्ते को बाइक के पीछे रस्सी से बांधकर निर्दयतापूर्वक घसीटने के मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ता ने थाना में शिकायत की है। इस मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई जारी है।

संस्कारधानी में क्रूरता की हद उस वक्त पार हो गई, जब चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में दो युवकों ने बाइक में कुत्ते के पैर को रस्सी से बांधकर घसीटते रहे। जिससे कुत्ता घायल हो गया था। शुक्रवार की शाम लगभग साढे चार बजे हुए इस दिल दहला देने वाले दृश्य को जब लोगों ने देखा तो सहम गए थे। यह मामला सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शहर के बजरंग दल के पदाधिकारियों ने इस घटनाक्रम की शिकायत चिखली पुलिस चौकी में की है, जिस पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। बताया गया कि चिखली क्षेत्र के दो युवकों ने इस घटनाक्रम को अंजाम दिया।

### शिकायत मिली है

कुत्ते को बांधकर बाइक से घसीटे जाने के मामले पर बजरंग दल के कार्यकर्ता ने शिकायत की है। पुलिस की कार्वाई जारी है। - **उमेश बघेल,** चिखली चौकी प्रभारी

# बिजली तार की चपेट में आए 8 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

घुमका क्षेत्र में आंधी-तूफान से टूटकर गिरे बिजली के तार के संपर्क में आने से चरने निकले 8 मवेशियों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों मे शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

दर्रा के कृषक खेमलाल साहू, समयलाल यादव, गणेश यादव, सुखचंद बंजारे, मंदिर साहू, पुरुषोत्तम यादव एवं संतोष साहू सभी पशुधन के मालिक ने बताया कि घुमका खार में सोनबरसा नदी के किनारे गुरुवार को शाम आंधी-तूफान से बिजली के तार गिर जाने से सभी आठ पशु। जिसमें में एक दुधारू गाय भी शामिल है, की मौत हो गई। जिसकी जानकारी शनिवार को हुई। किसानों ने बताया कि विद्युत विभाग एवं पुलिस तथा पशु चिकित्सक को जानकारी दे दी गई है। घटना की सूचना पर पशु चिकित्सक पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे। जेई आशीष कुशवाहा ने कहा कि किसानों को पोस्टमार्टम कराने व पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने कहा गया है। पूरी रिपोर्ट पेश करने पर विभाग से मुआवजा का प्रावधान है। इधर मवेशियों की अकाल मौत पर पशु मालिकों में शोक की लहर व्याप्त है।



सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
- सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
- हिमोडायलिसीस
- पेरीटोनियल डायलिसीस
- सीएपीडी
- बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## समापन अवसर पर कलेक्टर-एसपी ने प्रशिक्षु बच्चों का किया उत्साहवर्धन

# ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने सीखा तीरंदाजी का गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि स्मृति तीरंदाजी अकादमी द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 1 से 31 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 70 बच्चों को तीरंदाजी के गुर सिखाए गए।

शहर के पुलिस लाइन में शनिवार 31 मई को ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश एच. लाल, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी, जितेंद्र मिश्रा और आईबी ग्रुप के प्रतिनिधि हर्षद शामिल हुए। वहीं इस दौरान कलेक्टर ने तीर चलाकर बच्चों की हौसला अफजाई की।

⏩ शेष पेज 13 पर

### खेल प्रतिभाओं का शहर

समापन अवसर पर पहुंचे कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि, आप सबकी ऊर्जा देखकर बेहद प्रसन्नता हुई है। आने वाले समय में आप राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर खिलाड़ी साबित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि, पढ़ाई के साथ तीरंदाजी को एक कैरियर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमियां सतत अभ्यास से दूर होती है, हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि, राजनांदगांव खेल और प्रतिभाओं का शहर है। इस आयोजन के लिए कलेक्टर ने आयोजकों को अपनी बधाई दी है।



### बच्चों ने दिखाया बेहतर प्रदर्शन

खिलाड़ियों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि, इस शिविर में कई ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने एक महीने में ही अपना बेहतर प्रदर्शन कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि, ट्राइबल में तीरंदाजी की काफी प्रतिभाएं हैं। यहां कोच काफी मेहनती है, जो बच्चों को बेहतर तीरंदाज बनने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते कहा कि हमें हर मुसीबत को ऐसे भेदना है, जैसे हम टारगेट को भेदते हैं।

### 24 से अधिक राष्ट्रीय खिलाड़ी

तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर को लेकर कोच अजेंद्र टांडेकर ने कहा कि, स्व. अभिलेख अग्रहारि वेलफेयर फाउंडेशन और पुलिस विभाग का काफी सहयोग यहां खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए मिलता है। वहीं उन्होंने बताया कि, आईबी ग्रुप से बच्चों को प्रोटीन डाइट दिया जाता है। लगभग एक माह के इस प्रशिक्षण में सुबह 6 से 11 और शाम 3 से 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा था। वहीं उन्होंने बताया कि यहां मोहला, मानपुर, सिंघोला, जंगलपुर, पुलिस लाइन सहित अन्य जगहों से लगभग 70 बच्चों ने ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण लिया है। इस प्रशिक्षण शिविर में दक्ष होकर अब तक यहां से 24 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन किया है। बच्चों को मिल रहे तीरंदाजी के निःशुल्क प्रशिक्षण को लेकर अभिभावकों ने काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि, इस प्रशिक्षण में अपने बच्चों को भेजने से बच्चों का व्यक्तित्व विकास होने के साथ ही उनमें आत्मनिर्भरता आई है। इसके लिए अभिभावकों ने सभी का आभार जताया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### जिपं सभापति ने उठाया गड़बड़ी का मामला

**डोंगरगढ़।** मड़ियान में सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिपं सभापति अनिता मंडावी शामिल हुई। श्रीमती मंडावी ने वन विभाग के काटेमा सर्किल के कार्य में गड़बड़ी, तीसरी रेल लाइन के लिए अधिकृत जमीन से लकड़ी कटाई, प्रेग्नेंट महिला और स्कूली बच्चों से काम कराने का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि मामले की तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने जांच किया था। जांच में वन विभाग के अधिकारी को दोषी पाया गया था किन्तु अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग रखा। उन्होंने क्षेत्र में जुआ सट्टा, ढाबों में शराब बिक्री का मामला भी उठाया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि निर्वाचन क्षेत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पीटेपानी, कारूटोला, लमनाढार, कोटनापानी के किसानों की समस्याओं का समाधान करने निर्देशित किया।

### साहू की कविता का प्रसारण 3 को



**डोंगरगढ़।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी, पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के सदस्य और कवि अमृत दास साहू की कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से 3 जून को सुबह 8.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता महेन्द्र साहू होंगे। उन्होंने कविताओं की रिकार्डिंग आकाशवाणी रायपुर में 27 मई को कराया। पेशे से शिक्षक साहू वर्तमान में संकुल समन्वयक है। वह प्राथमिक शाला करवारी में पदस्थ है।

### केबल चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** मुसरा यार्ड के पास से रेलवे केबल चोरी करने वाले पकड़े गए। मुसरा में रेलवे के डिवाइस में लगे केबल काटकर चोरी की घटना के बाद केबल चोर को पकड़ने में आरपीएफ को सफलता मिली है। चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार गत दिनों रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव को मिली सूचना के आधार पर दो संदिग्धों को रसमड़ा से केबल तार चोरी करते पकड़ा गया। पकड़े गए आरापियों ने अपना नाम राजकुमार उर्फ काका वल्द हापा आवासपारा वार्ड 15 सकरी,मुकेश कुमार उर्फ सन्नी निवासी जय स्तंभ के पास अमेरी थाना सकरी बताया। दोनों ने पूर्व में भी परमलकसा यार्ड, मुसरा-बाकल से केबल चोरी करना स्वीकार किया। केबल को जलाकर गुड़ाखु लाइन में स्थित बर्तन दुकान में बेचने की जानकारी दी। आरोपियों की निशानदेही पर रेसुब की टीम ने दुकान में दबिश देकर जला कापर केबल बरामद किया।

## फुटबाल सहित अन्य खेल गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

# जेंट्स क्लब मैदान से हटाया अतिक्रमण

## नगर के विभिन्न व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय नगर पंचायत में भाजपा की कार्यकारिणी के सत्तासीन होने के बाद से नगर की विभिन्न व्यवस्था को दुरूस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। व्यवस्था सुधार के क्रम में शनिवार को स्थानीय जेंटस क्लब मैदान से अतिक्रमण हटाया गया। इससे पहले वार्ड 6 में सड़क तक फैली दुकानों को व्यवस्थित करने चिन्हाकन किया गया था। दुकानदारों को आगामी 3 जून तक दुकान के बाहर से सामान हटाने की मोहलत दी गई है।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय जेंटस क्लब में सालों पहले फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन होता था। इस स्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर के फुटबाल क्लब शामिल होते रहे हैं। लोगों में फुटबाल के प्रति ऐसा रूझान था कि सुविधा नहीं होने के बाद फायनल मैच देखने लोगों का हुजुम उमड़ पड़ता था। स्पर्धा के बंद होने और अपेक्षित देखरेख नहीं होने के कारण सब्जी सहित अन्य ने मैदान में दुकान लगाना शुरू कर दिया था। खेल गतिविधियों को पुनः शुरू करने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराया है।



### इंदिरा गार्डन में पसरा लगाने के निर्देश

जानकारी के अनुसार मैदान में पसरा लगाने वाले सब्जी बिक्रेताओं को इंदिरा गार्डन के भीतर पसरा लगाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकतर पसरा वालों का इंदिरा गार्डन पसरा है, किन्तु अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से बाजार धीरे-धीरे मैदान एवं रोड में आ गया जिससे बाजार के अंदर के सब्जी क्रय करने खरीददार नहीं पहुंच रहे थे। मैदान पर कब्जा होने के कारण खेल गतिविधि समाप्त हो गई थी। नगर प्रशासन की टीम ने राजस्व विभाग एवं पुलिस के सहयोग से जेंट्स क्लब मैदान को रिक्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार पीएल नाग, सीएमओ विनम्र जेमा, थाना प्रभारी अविनेश श्रीवास, पार्षद राजा जैन आदि उपस्थित थे।

### वाहनों के प्रवेश पर रोक

व्यापारियों के साथ हुई बैठक में लिए गए निर्णय पर अमल करते हुए शहर के भीतरी हिस्से में भारी वाहनों के प्रवेश पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक रोक लगा दिया गया था। प्रशासन ने जिन वाहनों को प्रतिबंधित किया है वह बिरले ही प्रवेश करते हैं। छोटे मालवाहक सहित अन्य वाहन जो बीच सड़क पर खड़े होकर आवाजाही को बाधित करते हैं पर रोक नहीं लगाया गया है।




# फिर पकड़ाए दो मवेशी तस्कर

**गंडई पंडरिया।** साल्हेवारा पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान मवेशी तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से छह भैंस और बछड़ा, एक पिकअप वाहन और एक मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसकी कीमत 5 लाख 15 हजार आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार आरक्षक इस्माईल खान और परमानंद नारंग के गस्त करने के दौरान थाना के सामने वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान नर्मदा, मोहगांव की तरफ से आ रहे वाहन क्रमांक एमएच 35 एजे 3741 अशोक लीलैंड पिकअप को रोका गया। वाहन चालक की पहचान राजेश डोंगरे पिता यादोराव डोंगरे निवासी ग्राम काटी थाना रावणबाड़ी महाराष्ट्र के रूप में हुई। उसके बगल में दुर्गेश धुर्वे पिता राजू धुर्वे निवासी ग्राम काटी थाना रावणबाड़ी बैठा था।पिकअप वाहन में 6 नग पशु भरे थे। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह इन भैंसों को देवादा थाना बेरला से भरकर नागपुर ले जा रहे है।

### मवेशियों के दस्तावेज नहीं

मवेशियों को ले जाने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने मौके पर 5 नग भैंस, 1 बछड़ा, जिनकी कीमत 55 हजार, वाहन क्रमांक एमएच 35 एजे 3741, कीमत 4.50 लाख, एक नग वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, कीमत 10 हजार जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण निवारण अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और धारा 66/192, 3/181 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है।

# रेत चोरी में ढाल बनी प्रधानमंत्री आवास योजना, अंकुश नहीं

## खोखली हो रही नदियां, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रशासनिक संरक्षण में पूरा इलाका रेत के खनन और परिवहन का बड़ा अड्डा बन गया है। सारा अवैध धंधा प्रशासनिक संरक्षण में फलने-फूलने के कारण अंकुश नहीं लग रहा है।

जानकारी के अनुसार रेत की चोरी केवल माफिया ही नहीं बल्कि अफसर और जनप्रतिनिधि भी सीधे शामिल हो गए है। शहर के कई प्रशासनिक कार्यालय से चंद कदमों की दूरी से रेत चोरी खुलेआम हो रही है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के 20 घाटों से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रक भरकर रेत निकाला जा रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से इस बात को बल मिल रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी माफिया के साथ मिलकर लाभ अर्जित कर रहे हैं।



### पीएमआवास के नाम पर तस्करी

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने गरीबों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निशुल्क रेत देने का प्रावधान किया है। सरकार की इस पहल से रेत माफिया को रेत निकासी और परिवहन की खुली छूट मिल गई है। शहर सहित क्षेत्र में स्वीकृत आवास और उसमे लगने वाली रेत का मूल्यांकन किया जाए खपत से कही अधिक रेत की निकासी किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार रेत से भरे ट्रैक्टर जब भी पकड़े जाते हैं, तो तस्कर आवास निर्माण का बहाना बनाकर बच निकलते हैं।

### कुछ को छूट, कुछ पर कार्रवाई

जानकारी के अनुसार शहर से लगी सहित क्षेत्र की नदियों से लगातार रेत की निकासी के बीच शनिवार को रातापायली में तहसीलदार पीएल नाग और टीम ने पांच ट्रेक्टरों को रेत परिवहन करते पकड़ा है। अन्य नदियों से रेत निकासी पर अंकुश लगाने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### तंबाकू निषेध पर जागरूकता रैली

**तुमड़ीबोड़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के परिपेक्ष में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक व्याख्याता थंगेश्वर साहू थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि गुटखा, बीड़ी, सिगरेट मानव शरीर के लिए हानिकारक है। इनके सेवन से मृत्यु निश्चित है। इससे कई भयानक बीमारियां जैसे दमा, कैंसर टीबी आदि होती है। उन्होंने छात्र छात्राओं को नशीली पदार्थों से दूर रहने कहा। श्री साहू के नेतृत्व में सरपंच, सचिव, हायर सेकेंडरी के शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग की सरिता तिवारी, मितानिन आदि ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। प्रभारी प्राचार्य एके यदु की उपस्थिति में विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया।



# विद्यार्थी शिविर का समापन, सैकड़ों विद्यार्थी हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति, बाल संस्कार विभाग द्वारा बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार व आत्मिक उन्नति के लिए 25 से 31 मई सात दिवसीय विद्यार्थी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 250 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि विद्यार्थियों के नैतिक, चारित्रिक विकास हो तथा सर्वांगीण विकास हो, इस उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया। छात्रों के लिए मोहारा स्थित संत आशारामजी आश्रम व छात्राओं के लिए स्थान ममता नगर स्थित सत्संग भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविरार्थियों ने शिविर के दौरान सीखी बातों का अपने जीवन में अपनाने तथा प्रतिदिन माता-पिता को प्रणाम कर दिन की शुरूआत करने का संकल्प बच्चों ने लिया।



बाल संस्कार विभाग के प्रभारी संजय साहू ने बताया कि बाल्यकाल में बच्चों को जैसा संस्कार देते हैं। वहीं से उसका भविष्य का निर्माण होता है। अच्छे संस्कार बच्चों को महान बना देती है। वहीं बुरे संस्कार पतन की ओर ले जा लेती है। विद्यार्थियों में अच्छे का बीजारोपण हो, इसके लिए पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की पावन सत्प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सात दिवसीय अनुष्ठान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को जप-ध्यान, प्राणायाम, योगासन, माता-पिता का आदर, जीवन में सफलता के रहस्य, परीक्षा में अच्छे परिणाम, महापुरुषों के जीवन चरित्र, आध्यात्मिक खेल, बौद्धिक शक्ति बढ़ाने के प्रयोग इत्यादि बातें सिखाई गई।

### स्पर्धाओं में मिला पुरस्कार

शिविर के दौरान विभिन्न स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें भजन स्पर्धा में मानस साहू, पोषण साहू, अनय शर्मा, तुषार साहू, गीतांजली सिन्हा विजेता बने। चित्रकला में दुष्यंत साहू, वेदांत चक्रधारी एवं प्रवीण भंडारपुर, विद्या लक्ष्मी साहू, पूजा शर्मा विजेता बने। व्यसन मुक्ति पर आधारित नाटिका में ठाकुरराम, भावेश, पोषण, चिन्मय, चंद्रशेखर, तुषार एवं मोहित साहू विजेता बने। शिविर में आए विद्यार्थियों में आदर्श विद्यार्थी का पुरस्कार दुष्यंत साहू, मोरध्वज सावतकर, पूजा वर्मा, शिवानी साहू को मिला। अन्य प्रतियोगिता में आरती, परिधि, नारायणी, अंगुरी, वंदना, पूजा, निधि सेन को पुरस्कृत किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। गंडई क्षेत्र के 11 वर्ष के पोषण साहू व उनकी टीम में ज्ञानमय सुंदर झांकी बनाई, जो शिविर में बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

# सिंदूर पर कांग्रेसी अनर्गल प्रचार कर रहे

**राजनांदगांव।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री देवकुमारी साहू ने कांग्रेसियों की घटिया सोच पर सवाल उठाते कहा कि कांग्रेसी ममता बनर्जी के षड्यंत्र के तहत भाजपा को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। जिसके तहत वे दुष्प्रचार कर रहे हैं कि भाजपा देशभर में घर-घर लोगों को सिंदूर पहुंचाएगी। जबकि भाजपा की ऐसी कोई नीति नहीं बनी है।

उन्होंने कहा कि सिंदूर महिला के सुहाग से जुड़ा हुआ संवेदनशील मामला है और इस मर्म को भाजपा ने भली भांति समझा और पहलगाम में 26 महिलाओं के सिर से सिंदूर उजड़ने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को उनकी सीमा पर भीतर तक जाकर आंतकवादियों को तबाह कर करारा जवाब दिया। यह जवाब इतना घातक था कि खूंखार आतंकवादी अजहर के वीडियो वायरल हो रहे हैं कि हमें बख्श दो, हम रक्तजदा हैं, हम लाशे नहीं उठा पा रहे हैं।

भारत के इस जवाबी हमले पर पाकिस्तान विश्व के समर्थन से चूक गया, सिर्फ तुर्की ने उसका समर्थन किया। इसके बाद पाकिस्तान ने अफवाहों का दौर शुरू किया। जिसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति से ऊपर उठकर सभी नेताओं को विश्व के सभी देशों को सच्चाई बताने हेतु जवाबदारी सौंपी है, परंतु कांग्रेस अपनी घटिया राजनीति से बाज नहीं आ रही और लगातार इस संवेदनशील मामले में गलत बयानबाजी कर कांग्रेसी नेता अपनी जग हंसाई कर रहे हैं।

# 12 विद्यालयों में हाई मास्क लाइट के लिए राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते राजनांदगांव विकासखंड के 12 विद्यालयों में हाई मास्क लाईट लगाने 64 लाख 53 हजार 384 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत उच्च माध्यमिक शाला भर्रेगांव, सुकुलदैहान, धनगांव, डीलापहरी, रीवागहन, भानपुरी, सिंघोला, सोमनी, सुरगी, टेड़ेसरा एवं हाई स्कूल गठुला, परमालकसा में हाई मास्क लाईट लगाए जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय में हाई मास्क लाईट के लिए 5 लाख 37 हजार 782 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## बुढ़ानभाट में समाधान शिविर का आयोजन

# शिविर में 6623 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार के अंतिम चरण में बुढानभाट में आयोजित समाधान शिविर में कुल 6644 आवेदनों में से 6623 का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। शेष 21 मांग से संबंधित आवेदनों का निराकरण प्रक्रियाधीन है। शिविर में कलेक्टर सहित जन प्रतिनिधियों ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। शिविर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से संपन्न हुआ। शिविर में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सीईओ जिपं प्रेमकुमार पटेल,

सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक श्री जंघेल ने सुशासन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों की मेहनत को सराहा।उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन लाने का स्वप्न देखा था और उसे साकार करने के लिए उन्होंने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य किया। उनकी स्मृति में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने विकसित संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। इस यात्रा के माध्यम से सरकार का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और लाभान्वित करना है।



कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा है कि सुशासन तिहार की तीनों चरणों के लंबी श्रृंखला के माध्यम से प्रशासन ने जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए एक मजबूत और पारदर्शी मंच प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में जिला एवं जनपद स्तर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान में सहयोग दिया।

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि समस्याएं आती रहेंगी, परंतु समाधान शिविरों के माध्यम से जिन मूलभूत समस्याओं की जानकारी प्राप्त हुई, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया गया है।

### केसीजी जिला टाप टेन में

बूढ़ानभाट क्लस्टर में प्राप्त 6644 आवेदन में से 6623 का त्वरित समाधान किया गया। श्री पटेल ने अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा नवगठित जिले में संसाधनों की कमी के बावजूद अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिले को सुशासन तिहार में टॉप 10 जिलों में स्थान दिलाया है।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, जनपद सीईओ रवि कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### महाभियान 5 को

कलेक्टर ने बताया कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोर गांव- मोर पानी के तहत विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में जनभागीदारी से श्रमदान कर 5000 से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिले भर में वृहद पौधरोपण किया जाएगा।

# देर रात विवाह और मृत्यु भोज पर सतनामी समाज ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

मोक्षधाम सांकरदाहरा में सतनामी समाज छुरिया ने ब्लॉक स्तरीय आमसभा का आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में समाजिकजन शामिल हुए। महासभा में एकता, सामाजिक व्यवस्था, अनुशासन तथा सर्वसम्मति से ब्लॉक सतनामी समाज का गठन आदि का अनुमोदन किया गया।

सामाजिक नियमावली का आमसभा में सत्यापन और अनुमोदन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ बाबा गुरु घासीदास की आरती से संत रमेश मारकण्डेय ने किया। सामाजिक नियमावली में देर रात तक होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम पर रोक लगाया गया। अब समाज में वैवाहिक कार्यक्रम रात्रि 12 बजे से पूर्व संपन्न होंगे।मृत्यु भोज को भी अस्वीकार कर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया।



निजी रिश्तेदारों के अलावा अन्य लोगों द्वारा ओढ़ाए जाने वाले कफन पर रोक लगाकर शोकाकुल परिवार को आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया गया। कफन में केवल सफेद कपड़ा का उपयोग किया जाएगा।

अन्य नियमों में एक गांव एक पांघर लागू होगें, दहेज पर प्रतिबंध, आदर्श विवाह, विधवा विवाह को सामाजिक मान्यता दिया, काकी, भाभी द्वारा पैर छुवाना बंद किया गया। भतीजा- भतीजी, देवर ननद अपनी काकी, भाभी के पैर छुएंगे। शराब सेवन व बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया।

### भवन में होगा पौधरोपण

प्रकृति संरक्षण हेतु सतनाम भवन प्रांगण में आंवला, धौरा, चंदन इत्यादि पौधे लगाना अनिवार्य किया गया। नियमावली का वाचन उमाशंकर मारकण्डेय एवं अमरदास बंजारे ने किया। आम सभा में ब्लॉक सतनामी समाज के अध्यक्ष राधेलाल जोशी, टीकमदास महिलागें, लखन मंडले, भोजेश चतुर्वेदी, सुंदरलाल चतुर्वेदी, सुखीत लहरे, आनंदराम जोशी, सूर्यकुमार खिलाड़ी, दीनूराम जांगड़े, मंथीर चेलक, चंद्रेश बघेल, बीडी कोसरे, सुखचंद बघेल, मोहन जोशी, प्रेमलाल महिलकर, कुंभ जोशी, ईश्वर जोशी, धनेंद्र कोठारी, सोनूराम जोशी, खिलावन बंजारे, भंवर बंजारे, कमलेश मरावी, धनंजय बघेल, मन्नू सतनामी, रोशन मंडले, चंद्रशेखर बांधे, आसीद मंडले, सुरेश भारती, दुष्यंत जोशी समेत अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आधार सत्यापन फर्जी रजिस्ट्री को रोकने का बेहतर उपाय

# पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाएं शासन के नवाचार का एक उम्दा उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरवपथ में पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाओं के लिए आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाएं शासन के नवाचार का एक उम्दा उदाहरण है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया में जो परिवर्तन हुए हैं, वह आम व्यक्ति के लिए सुविधाजनक है। उन्होंने कहा कि पंजीयन विभाग से शासन को 3 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। सरलता, सुगमता आने से पंजीयन की प्रक्रिया सुविधाजनक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन के 10 नए परिवर्तन के माध्यम से कार्यशाला में यह जानकारी प्रदान की गई है। आधार सत्यापन के माध्यम से फर्जी रजिस्ट्री को कैसे रोका जा सकता है, यह बताया गया है। आधार आधारित प्रमाणीकरण से बायोमैट्रिक के जरिये पक्षकार की पहचान सीधे आधार डेटा से होगी। जिससे फर्जी रजिस्ट्री रोकी जा सकेगी। इसके माध्यम से दुनिया में कहीं भी उपस्थिति प्राप्त की जा सकेगी।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, खूबचंद पारख, रामजी भारती, राजेन्द्र गोलछा, सौरभ कोठारी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, कार्यपालन अभियंता सीएसईबी आरके गोस्वामी, जिला उप पंजीयक सोनाली बोर्डे, मास्टर ट्रेनर आकाश देवांगन, मुख्यालय से दिग्विजय चुनेन्द्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

## शुल्कों के कैशलेस भुगतान की प्राप्त सुविधा



### पक्षकार की पहचान आधार से होगी

कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाओं के अंतर्गत 10 महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। आधार पर आधारित सत्यापन होने से बायोमैट्रिक के जरिये फिंगरप्रिंट से मिलान कर पक्षकार की पहचान आधार से होगी। जिससे फर्जी रजिस्ट्री को रोकने में मदद मिलेगी तथा दस्तावेज का ऑनलाइन पंजीयन होगा। ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र त्वरित रूप से प्राप्त कर सकेंगे। जिससे संपत्ति की स्थिति स्पष्ट होगी और खरीददारी सुरक्षित बनेगी। स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्कों का भुगतान अब कैशलेस कर दिया गया है। पक्षकार क्रेडिट व डेबिट कार्ड, पीओएस मशीन, नेट बैंकिंग या यूपीआई से दोनों शुल्क एक साथ जमा कर सकते हैं। जिससे नकद लेनदेन की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

### डिजीलॉकर की सुविधा उपलब्ध

कलेक्टर ने कहा कि डिजीलॉकर सेवा के तहत आम नागरिक शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज डिजिटल स्टाम्प सहित आसानी से तैयार कर सकते हैं। यह सेवा कानूनी दस्तावेजों की जटिलता को सरल बनाकर दस्तावेज तैयार करने में सुविधा प्रदान करती है। रजिस्ट्री दस्तावेज अब भारत सरकार की डिजिलॉकर सुविधा में सुरक्षित स्टोर किए जा सकेंगे। इससे पक्षकार घर बैठे ही दस्तावेजों की नकल प्राप्त कर सकेंगे, रजिस्ट्री ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि पहले तहसील स्तर पर दस्तावेज भेजे जाते थे, फिर पटवारी से सत्यापन होने के बाद बी-1 में नाम चढ़ता था। अब बी-1 में नाम आ जाने के बाद पंजीयन हो जाएगा। जिससे प्रक्रिया सरल हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे हितग्राही जिनका ऑनलाईन पंजीयन किया गया है, वे भी यहां आएं। कार्यशाला में हितग्राहियों को बी-1 प्रदान किया गया।

### सीएम और वित्त मंत्री बधाई के पात्र

उन्होंने कहा कि आधार सत्यापन शत-प्रतिशत पहचान बन चुका है। फर्जी रजिस्ट्री को रोकने का यह बेहतर उपाय है। एनओसी ऑनलाइन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान की सुविधा प्राप्त हुई है। व्हॉट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्री की तारीख, आवेदन की स्थिति एवं स्थान की जानकारी मिल सकेगी। डिजीलॉकर की सुविधा में एक कदम आगे बढ़ चुके है, इस सुविधा से घर बैठे दस्तावेजों की नकल प्राप्त कर सकेंगे। रजिस्ट्री ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दस्तावेज बनाने वाले भी खाली नहीं होंगे और सभी की सुविधा बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण हो सकेगा। क्रेता-विक्रता एवं संपत्ति की जानकारी अपडेट करते ही स्वतः ही उप पंजीयक को प्रस्तुत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में यह व्यापक परिवर्तन का आगाज है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी इस नवाचार के लिए बधाई के पात्र हैं।

# निगम के 5 कर्मचारी सेवानिवृत्त, दी बिदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के सभागृह में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में राजस्व विभाग में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत देवकुमार निर्वाणी व शिवराम यादव, जल विभाग में लाईनमेन के पद पर कार्यरत भागीरथी साहू, स्वास्थ्य विभाग में सफाई कामगार के पद पर कार्यरत बुधियारिनबाई व राधाबाई बासफोड तथा लोककर्म विभाग में मजूदर के पद पर कार्यरत पुसईबाई व कन्नाबाई बंजारे को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि आज हमारे निगम परिवार के 5 सदस्य अपना सेवाकाल पूर्णकर शासन नियमों के तहत सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हमारे जीवन का बहुमूल्य समय हम सेवा में देते हैं। जिसके कारण पारिवारिक कार्य और दायित्वों से भी दूर होना पड़ता है।

### कार्यों का कुशलता से किया निर्वहन

कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर 5 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। लंबे समय तक लोककर्म, स्वास्थ्य एवं राजस्व जैसे निगम के महत्वपूर्ण विभाग में काम कर इन्होंने अपने कार्यों का कुशलता से निर्वहन किया, यह हम सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी सहित उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। बिदाई समारोह का संचालन प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे सहित अधिकरी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्लोबल टेंडर की जगह स्थानीय ठेकेदारों को काम देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विद्युत वितरण कंपनी के समस्त ठेकेदारों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर एक ज्ञापन के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों में ग्लोबल टेंडर नहीं करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि विपरीत परिस्थितियों में हम सब ठेकेदार कंपनी के साथ मिलकर हर छोटे-बड़े कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करते हैं। विद्युत विभाग के स्थानीय ठेकेदारों ने कहा है कि हम विद्युत ठेकेदार विद्युत वितरण कंपनी में अनियमितता महसूस कर रहे हैं। विद्युत ठेकेदार कल्याण संघ सोसायटी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा आरडीएसएस योजना में राज्य का ग्लोबल टेंडर से लगभग सारे कार्य स्थानीय ठेकेदारों से छीना जा रहा है।

### कार्य निरस्त करने की मांग

अपने ज्ञापन में ठेकेदारों ने कहा है कि एक बड़ी कंपनी को पिछले शासन में आरडीएसएस योजना में पैकेज द्वारा जो कार्य दिया गया है, उसमें से 20 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि कंपनी के आरडीएसएस योजना के समस्त कार्य को निरस्त कर स्थानीय ठेकेदारों के माध्यम से कराया जाए। जिससे कंपनी का कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके और हम सभी समस्त ठेकेदारों का रोजगार भी सुचारू रूप से चलता रहे।

### डेढ़ सौ करोड़ का कार्य अटका

विद्युत ठेकेदार कल्याण संघ सोसायटी के अध्यक्ष शशांक दास और सचिव सुनील रामटेक ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा ग्लोबल टेंडर के माध्यम से एक ठेकेदार को लगभग 180 करोड़ रुपए का कार्य दिया गया है। यह कार्य डेढ़-दो साल में भी पूर्ण नहीं हो पाया है। इसमें ठेकेदार को घरेलू कनेक्शन से कृषि पंपों को अलग करना है। जिसका महज 20 प्रतिशत ही कार्य अब तक हुआ है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय स्तर के ठेकेदारों की अपेक्षा की जा रही है।

### पैकेज के कार्य पेटी कांट्रेक्टरों को

कंपनी द्वारा बड़े एवं छोटे कार्यों को पैकेज के माध्यम से किसी भी बड़ी कंपनी को दिया जाता है। निविदा में स्थानीय ठेकेदारों को विशेष छूट की कमी है। वहीं बजट का हमेशा अभाव रहता है। ठेकेदारों ने कहा है कि विद्युत कंपनी पैकेज के कार्य को पेटी कांट्रेक्टर के रूप में पूर्ण कराते हैं। जिससे संपूर्ण कार्य को पैकेज में देने का अर्थ नहीं होता।

### सांस्कृतिक गौरव की पुनप्रतिष्ठात्री- द्विवेदी

**राजनांदगांव।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष परिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति प्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशिष्ट समसामसयिक चिंतन विमर्श में कहा कि सनातन संस्कृति के उत्थान, सांस्कृतिक गौरव पुनप्रतिष्ठात्री लोकमाता अहिल्याबाई एक अद्वितीय महिला राजनेत्री हुई है, जिन्हें पुण्य श्लोका का अनुपम अद्वितीय सम्मान संबोधन दिया जाता है। देश-धरती के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में भारतीय सनातन संस्कृति के मान बिंदुओं के संरक्षण-संवर्धन करने वाली अहिल्याबाई ने भारत के लगभग 130 तीर्थ स्थलों, पवित्र नदियों के घाटों का निर्माण कराया। ग्रांड ट्रंक सड़कें, कुओं, शिक्षा केन्द्रों, व्यायाम शालाओं, धर्मशालाओं का भी नवनिर्माण भी करवाया। साथ ही 30 मंदिरों में साधु-संत निवास गृह, प्रवचन कक्ष एवं प्रांगण बनवाए।

पेज 11 का शेष

### ग्रीष्मकालीन शिविर में...

स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि वेलफेयर फाउंडेशन, पुलिस विभाग और आईबी ग्रुप द्वारा यहां प्रतिभावान खिलाड़ियों को तीरंदाजी के खेल में तराशने प्रशिक्षण दिया जाता है। वहीं ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को प्रशिक्षण देने से यहां नए खिलाड़ी भी सामने आ रहे हैं। लगभग 5 वर्ष पूर्व यहां ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया था, तब से यहां निरंतर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**अतिथियों ने दी शुभकामनाएं**

कार्यक्रम को संबोधित करते वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश एच. लाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी ने कहा कि राजनांदगांव आर्चरी के क्षेत्र में काफी आगे जाएगा। उन्होंने यहां प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया।

**प्रतिभावान खिलाड़ी सम्मानित**

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, वरिष्ठ पत्रकार किशोर शिल्लेदार, तीरंदाजी के कोच अजेंद्र टांडेकर, हीरू साहू, विनीता साहू सहित बड़ी संख्या में तीरंदाजी के खिलाड़ियों के साथ अभिभावक शामिल हुए।

# फ्लाई ओवर में मवेशी भरा वाहन छोड़ चालक फरार, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आईसर वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भरकर ले जाया जा रहा था, जिसे नेशनल हाईवे फ्लाई ओवर में खड़ी कर चालक फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मवेशियों को बरामद कर गौशाला भेजा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस गश्त पेट्रोलिंग के लिए निकली हुई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि नेशनल हाईवे फ्लाई ओवर गांधी सभागृह के सामने एक आईसर वाहन संदिग्ध रूप से लावारिश हालत में खड़ी है। जिसमें भारी मात्रा में कृषक पशु भरा है। चालक वाहन को छोड़कर भाग गया है।

### मामला दर्ज

इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन के डाला को चेक की, तब ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन में बड़ी संख्या में बैल भरा हुआ है। पुलिस ने उक्त वाहन से बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंस कर भरे लगभग 38 बैल को बरामद किया, जिसे घुमका बंजारी गौशाला भेजा गया है। पुलिस इस मामले में फरार वाहन चालक की पतासाजी कर रही है। मामले में अपराध दर्ज किया गया है।

# मादक पदार्थ बिक्री पर लगाए अंकुश



**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने जिले के थाना प्रभारियों की एक बैठक लेकर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं मादक पदार्थ एवं अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं।

अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं शहरी क्षेत्र के थाना प्रभारियों की मीटिंग ली गई।

जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि एमसीपी लगाकर वाहनों की लगातार चेकिंग की जाए, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब आदि तस्करी के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करें, प्रतिदिन थाना प्रभारी स्वयं अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करें।

### रात्रि गश्त बढ़ाएं

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण हेतु बाजार हाट, गली-मोहल्लों, कालोनियों में रात्रि गश्त बढ़ाएं और प्रातः 4 से 7 बजे तक उद्यानों में जहां नागरिक प्रातःभ्रमण के लिए जाते हैं और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की उपस्थिति हो, संदिग्धों की चेकिंग की जाए। गुंडा-बदमाश, निगरानी-बदमाश आदि को चेक करें तथा नए गुंडा-बदमाश चिन्हित कर उनका नाम सूची में खोले। धारदार हथियार रखने वाले व चाकूबाजों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करने निर्देश दिए। सभी राजपत्रित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थाना स्टाफ को मॉनिटर करें। इसके अलावा विगत पांच माह में गंभीर मामलों के निकाल करने में उत्कृष्ट कार्य कराने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे विस अध्यक्ष रमन सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के पूज्य पिता सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा का अस्वस्थता के चलते विगत दिनों निधन हो गया। 31 मई को छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह श्री छाबड़ा के सोनारपारा स्थित निवास पहुंचकर स्व. गुरूचरण सिंह छाबड़ा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का सोलर प्लांट लगाने पर 78 हजार तक अनुदान

# प्रधानमंत्री सूर्यघर से बिजली का बिल शत-प्रतिशत होगा कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शनिवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रदेश के 5 लाख घरों में बिजली के लिए सोलर प्लांट लगाने की योजना है। इससे आपके घरों की छत पर बिजली बनाने की योजना से लाभ मिलेगा। बिजली का बिल शत-प्रतिशत कम हो जाएगा। एक से तीन किलोवॉट तक सोलर प्लांट लगाने केन्द्र सरकार ने 30 हजार से 78 हजार रुपए तक एवं हाल ही में वर्ष 2025-26 के बजट में छत्तीसगढ़ सरकार ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 217 करोड़ रुपए सब्सिडी हेतु बजट में शामिल किया है। तकनीकी रूप से 3 किलोवॉट के सोलर प्लॉट में हर माह 300 यूनिट की बिजली का उत्पादन होगा। चार वर्ष में इस सोलर प्लांट की कीमत निःशुल्क हो जाएगी। सोलर प्लांट के माध्यम से कालोनी को ऊर्जीकृत व्यवस्था से जोड़ सकते हैं। कार्यशाला तथा विभागीय स्टॉल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जनसामान्य इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए लगाए गए विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, खूबचंद पारख, रामजी भारती, राजेन्द्र गोलछा, सौरभ कोठारी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, कार्यपालन अभियंता सीएसईबी आरके गोस्वामी, जिला उप पंजीयक सोनाली बोर्डे, मास्टर ट्रेनर आकाश देवांगन, मुख्यालय से दिग्विजय चुनेन्द्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

### विभागीय स्टाल में दी गई जानकारी

कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत यहां विभागीय स्टॉल में जानकारी दी गई है। नागरिक यहां से योजना के संबंध में पूर्ण जानकारी ले सकते हैं। सोलर प्लांट लगाने से बिजली का बिल शून्य हो जाता है। वर्तमान में लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में राजनांदगांव जिले में 5745 रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं एवं 105 घरों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए गए हैं। हरित ऊर्जा के विकास में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपयोगी है।



# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

School Innovation Council | FIT INDIA | MCB MY CLASSBOARD

## कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा 2025-26 Congratulations

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



## 2. SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI




## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2
Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR. SEC. SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra
Affiliated to IKSVV, Khairagarh

- ★ Singing
- ★ Kathak
- ★ Tabla
- ★ Bharatanatyam
- ★ Geetanjali
- ★ Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS

TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

## SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS



ARPIT SAHU 96.6%
SRIJAN DEWANGAN 95.2%
ADITI MISHRA 94.4%
ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
PAKHI MAHESHWARI 93.2%
VIDYA SAO 91.4%
MUSKAN SAO 90.8%

## SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS



MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
SHWETA SINGH 95.4%
SABIYA PARVEEN 95%
AMRITA SAO 94%
AACHAL KUMARI SAO 93.8%
RAJVEER SAO 93.4%
TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
ANURAG SAHU 92.6%
SIDDHI BAGHEL 92.6%
SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
P POOJITA 92.2%
ADARSH KUMAR SINGH 92%
AYUSH NAGVANSHI 91.6%
CHIEF HAVGE 90.8%
PANKHURI SINGH 90.2%

## SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS



YOGITA 97%
RIYA KURREY 92.6%
TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
PIYUSH VERMA 89.8%
VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
RITESH DEWANGAN 89.4%

## SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS



SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
ANKIT DEWANGAN 97.2%
SAZINA NAWAZ 96.8%
ASHMIKI DWIVEDI 95%
SAMRIDHI SHARMA 94.6%
TEJAS SAHU 93.6%
BHAVYA DEWANGAN 93%
SHREYA MAHAPATRA 92.8%
ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
SAMEER PATEL 92%
SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
DIVYANSH SINGH 91%
DRISHTI DEWANGAN 90.6%

## SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS



NIDHI PATEL 92%
GARGI CHANDRAKAR 91.6%
NAMRATA PATEL 91.4%
JAYA SINHA 89.6%
KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
SANIYA SAO 89.2%

## SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS



YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
HARSHITA BHASKAR 92.8%
TANISHA NAG 92.3%
MAHI BANJARA 91.8%
PRIYA PAL 91.3%
THANSING VERMA 90.6%


## SCHOOL FACILITIES

1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)
Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

Ram Nagar Bhilai



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
|---|---|---|---|---|---|
| 0788 4033217 | 0788 2265810 | 0788-2295357 | 0788-4033623 | 8770401823 | 8839982041 |

## डिप्टी सीएम राजानवागांव व लालपुर में आयोजित 300वीं जयंती समारोह में शामिल हुए

# महिला सशक्तिकरण, न्याय व सेवा का प्रतीक रहीं अहिल्या बाई होल्कर: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को जिले के ग्राम राजानवागांव व लालपुर में आयोजित महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने पाली समाज द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में सहभागिता कर महारानी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके जीवन, कर्तव्य और सेवाभाव को स्मरण करते हुए समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

ग्राम राजानवागांव में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पाली समाज के सामाजिक उत्थान हेतु 6.5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने विधायक निधि से 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करते हुए बाजार शेड निर्माण की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बेहतर संरचना उपलब्ध हो सकेगी। इसी क्रम में ग्राम लालपुर पहुंचे, जहां पाली समाज द्वारा जिला स्तरीय भव्य आयोजन किया गया था। यहां उन्होंने पाली समाज के लिए नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया और ग्रामवासियों को इसकी सौगात दी। उन्होंने भवन परिसर में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 3.5 लाख रुपए और बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए की घोषणा की, जिससे सामाजिक स्थलों की सुविधा और सुरक्षा में वृद्धि हो सकेगी।

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी विलक्षण महिला शासिका थीं, जिन्होंने अपने न्यायप्रिय, धर्मपरायण और लोकसेवी शासन के माध्यम से जनमानस के हृदय में स्थायी स्थान बना लिया। उनका सम्पूर्ण जीवन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक दक्षता का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने न केवल मालवा राज्य का कुशलतापूर्वक संचालन किया, बल्कि देशभर में मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं के निर्माण के माध्यम से धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस दौरान राजेन्द्र चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, मनीराम साहू, विजय पटेल, संतोष पटेल सहित पाली समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

### अहिल्या बाई की सेवा-भावना, नीति-निर्णय व जनकल्याण की दृष्टि आज भी प्रेरणास्रोत



डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर की सेवा भावना, नीति-निर्णय और जनकल्याण की दृष्टि आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन दर्शाता है कि शासन और समाज सेवा में महिलाओं की भूमिका कितनी सशक्त और निर्णायक हो सकती है। उन्होंने पाली समाज द्वारा आयोजित इस तरह के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समारोह हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हैं। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महारानी के जीवन, संघर्ष और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं श्री शर्मा ने समाज के प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रशस्त्रि पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# आंगनबाड़ी केन्द्र भवन अत्यंत जर्जर, घरों में हो रहा संचालित

- मूलभूत सुविधाओं के लाभ से वंचित नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम पंचायत कुआंमालगी में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र 01 व 02 भवन अत्यंत जर्जर व बदहाल होने के कारण आंगनवाड़ी घरों में संचालित की जा रही है। जिससे नन्हे-मुन्हे नौनिहाल बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 व 02 वर्षो से जर्जर व बदहाल होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र घरों में संचालित की जा रही है। जिससे नन्हे मुन्हे बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित तथा अन्य सुविधाओं से वंचित नजर आ रहे है। जिस पर ग्रामीणों व पालको ने क्षेत्र के जनप्रतिधियों व जिम्मेदारों को कई बार शिकवा शिकायत कर जर्जर व बदहाल आंगनबाड़ी केन्द्र सुधार व नवनिर्माण कार्य की मांग की गई, लेकिन जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व लापरवाही का खामियाजा नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द ग्राम कुआंमालगी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 और केन्द्र क्रमांक 02 भवन नवनिर्माण कार्य की मांग की गई ताकि छात्र छात्राओं व आंगनबाड़ी केन्द्र सहायिका को सुविधा व लाभ मिल सकें।

# सोना-चांदी आभूषण चोरी के फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अपराध व अपराधिक मामलों में लगातार प्रभावी कार्यवाही कर अपराधिक गतिविधियों में अकुंश लगाने थाना प्रभारी उप निरीक्षक रोशन बघेल के नेतृत्व में थाना सिंघनपुरी जंगल एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा चोरी के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार किया गया। गत दिनों 25 मई को प्रार्थी द्वारा थाना सिंघनपुरी जंगल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 23 मई की रात्रि लगभग 01:30 बजे अपनी पत्नी एवं बहू के साथ घर की छत पर सो रहे था, उसी दौरान अज्ञात चोर द्वारा कमरे की अलमारी से लगभग 48,500 रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिंघनपुरी जंगल में अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्जकर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर सेल कबीरधाम की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर आरोपी आत्माराम यादव पिता तिलक यादव आयु 20 वर्ष निवासी कंटगीकला थाना सिंघनपुरी जंगल को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। वहीं आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर चोरी गए आभूषणों की बरामदगी की गई एवं विधिवत जप्ती कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रोशन बघेल, रोहित साहू, राजेश ठाकुर, महेश डांडे एवं साइबर टीम कबीरधाम का विशेष योगदान रहा।

# नशा मुक्ति पर निकाली गई जन-जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा




ग्राम पंचायत कुण्डा में प्रतिनिधियों द्वारा शनिवार को ग्राम कुण्डा में नशा मुक्ति विशेष अभियान रैली निकालकर ग्रामीणों को नशा मुक्ति हेतु जन जागरूक किया। साथ ही साथ मादक पदार्थो के सेवन से गंभीर सामाजिक मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं होती है इसे निपटने के लिए समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) शुरू किया था। राज्य सरकार के अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम नशामुक्ति अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सरकार के आह्वान पर ग्राम पंचायत कुण्डा में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के अगुवाई मे मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर व उपसरपंच मुमताज अहमद एवं समस्त पंचगणों के उपस्थिति में नशा मुक्ति विशेष जागरूकता अभियान रैली का शुभारंभ दुख निवारण गुरुद्वारा के समीप से किया गया जो नगर भ्रमण कर ग्राम पंचायत कार्यालय भवन में समापन किया गया।

रैली दौरान सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने ग्रामीणों को संदेश देते हुए कहा नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों का सेवन एक गंभीर समस्या है जो देश के ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है, नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रभावित करती है बल्कि उनके परिवार को और समाज को प्रभावित करती है हाल ही में युवा पीढ़ी में शराब और नशीले दवाओं का खतरा भी पूरे दुनिया बढ़ रहा है और भारत में हमारा जिला इसे अछूता नहीं है शराब और नशीली दवाओं पर निर्भर व्यक्तियों को निवारक शिक्षा जागरूकता सृजन परामर्श पहचान उपचार और पुनर्वास और सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से सेवा प्रदाताओं के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए नशा मुक्त अभियान कार्ययोजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

श्री चंद्राकर ने कहा इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र कन्वेशन और मौजूदा एनडीपीएस की भावना के अनुसार नशीली दवाओं की मांग में कमी एवं उपचारात्मक नशामुक्ति और पुनर्वास से जुड़ी बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं की दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है। वहीं मण्डल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर ने नशामुक्ति जागरूक अभियान के दौरान आम नागरिकों को जागरूक करते हुए है कहा गांव-गांव में शराब नशीली दवाओं और मादक पदार्थो की सहज उपलब्धता भी नशा प्रवृति को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका अदा करता है उन्होंने कहा नशे पर लोगों की निर्भरता पैदा करने वाले पदार्थो की मांग को कम करने में सामुदायिक भागीदारी और सार्वजनिक सहयोग को बढ़ाने और व्यसन के प्रती संवेदनशील या जोखिम में पाए जाने वाले व्यक्तियों और समूहों के माध्यम सामूहिक पहल एवं समाजिक सहभागिता से नशा मुक्ति अभियान चलाकर नशामुक्त ग्राम बनाना है।

वही उपसरपंच मुमताज अहमद ने कहा शराब नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों का सेवन स्कूल और कॉलेजों के बाहर बच्चों-युवाओं को प्रभावित करने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक है यह समस्या शैक्षणिक आर्थिक समाजिक मनोवैज्ञानिक आदि सभी समस्याओं पर नकरात्मक प्रभाव डालती है, उन्होने कहा यह देखा गया है कि युवाओं में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन साक्षरता स्तर साथियों की दबाव जिज्ञासा या प्रयोग करने की इच्छा से प्रभावित होता है आपूर्ति पर अकुंश सामाजिक न्याय और अधिकारिता द्वारा कम किया जा सकता है। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिग तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### दैहानडीह में समर कैम्प का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड सहसपुर लोहारा क्षेत्रांततर्गत शासकीय हाई स्कूल दैहानडीह में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय हाई स्कूल दैहानडीह के छात्र छात्राओं एवं पालकों का संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिस पर शासकीय प्राथमिक के छात्र छात्राओं द्वारा गीत, कविता, कहानी व माध्यमिक तथा हाई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एकल एवं सामूहिक प्रेरणा गीत, शिक्षा और स्वच्छता पर नाटक प्रहसन प्रस्तुत किया गया। इस समर कैंप में सभी छात्र छात्राएं, जनसमूह आनंदित हुए। इस दौरान प्राचार्य रामनारायण दुबे, प्रधान पाठक प्रकाश चौबे, कुंजबिहारी साहू एवं शिक्षकगण व सफाई कर्मी तथा छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# प्राथमिक शाला पथर्रा में समर कैम्प संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा में दस दिवसीय समर कैम्प आयोजित की गई। जिसमें खेल-कूद व मनोरंजन के साथ-साथ छात्र छात्राओं ने बिताए खुशनुमा समय में 10 दिनों में सेल्फ प्ले, रंगोली, चित्रकला, मेहंदी, कबाड़ से जुगाड़, डीआईवाई गतिविधियां, स्कूल बैंड, सुगम संगीत व कम्प्यूटर की आधारभूत जानकारी से हुए अवगत साथ ही स्थानीय कौशल आधारित कामगारों कुम्हार, लोहार, किसान के कार्यो को करके जाना किस कार्य हेतु कौन सा कौशल आवश्यक है। इस कार्यशाला के दौरान सभी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों से मिलकर उनसे उनके कार्यों का अनुभव भी प्राप्त हुए। विशेषज्ञ भी छात्र-छात्राओं के बीच खुद को पाकर अभिभूत हुए। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड स्त्रोत समन्वयन केशलाल साहू उपस्थित थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्रधान पाठक विनोद कुमार चंद्रवंशी ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगत मेरावी एवं पालक विपनेश सिंह उपस्थित थें। समापन समारोह मुख्य रूप से सांस्कृतिक कौशल को समर्पित रहा छात्र-छात्राओं ने नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। साथ ही समर कैम्प के दौरान निर्मित सामग्रियों जैसे कबाड़ से जुगाड़ द्वारा निर्मित वॉल आर्ट, चिडियों के घोंसले, कुम्हार के साथ मिलकर निर्मित मिट्टी के बर्तनों, डीआईवाई द्वारा निर्मित फूल-पत्ती, चिड़िया, तितली व कागज की कलाकारी आदि की प्रदर्शनी भी छात्र-छात्राओं ने लगाई। समर कैम्प में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को कीट वितरित किया गया, जिससे वे समर कैम्प में प्राप्त कौशल का अभ्यास घर पर भी कर सकें। बीआरसी साहू ने शाला के आयोजन की सराहना की साथ ही और अधिक उत्साहित होकर कार्य करने और शाला का नाम जिले एवं राज्य में बढ़ाने शुभकामनाएं दीं।

### पांच दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम खैरवार में पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे श्री शिव महापुराण कथा में भगवान शिव की पावन कथा को कथा व्यास संतोष गोस्वामी के मुखार्विंद से भक्तजनों को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिसमें भारी संख्या में उपस्थित होकर भक्तजन अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है। श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन शिव और माता पार्वती के विवाह कथा में श्रोतागण झूम उठे, कथा में मुख्य यजमान श्रीमती रूखमणी अरविन्द गोस्वामी विराजमान है। श्री शिव महापुराण कथा आयोजन सरस्वती गोस्वामी, बिमला गोस्वामी द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें जय गोस्वामी, प्रकाश गोस्वामी, मुकेश, बादल चंदन, समस्त गोस्वामी परिवार सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों द्वारा कथा प्रसंग श्रवण कर जीवन कृतार्थ कर रहें है वहीं आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

**न्यायालय तहसीलदार कुण्डा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईशतहार //

दिनांक 21/05/25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम मोहगांव को सूचित किया जाता है कि आवदेक गंगाप्रसाद आ. श्री सालिकराम जाति सतनामी निवासी ग्राम मोहगांव तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री स्नेहा बंजारे/गंगाप्रसाद की जन्म दिनांक 19/11/2021 को ग्राम मोहगांव में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने संबंधी आवदेन पत्र के साथ चालान की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 05/06/25 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया ।

जारी दिनांक - 21/05/25
पेशी तिथि - 05/06/25

मुहर
कार्यपालिका दण्डाधिकारी
कुण्डा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोड़ला तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग.**

// सूचना //

क्रमांक 24 रा.नि.म. 2025 बोड़ला दिनांक 30/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सायरा बेगम पिता नजमुद्दीन जाति मुसलमान निवासी ग्राम रेगांखार खुर्द तहसील कवर्धा के ग्राम पोडीटोला प.ह.न. 27 तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 19/5.19/6 रकबा 0.061.0.324 का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बोड़ला जिला कबीरधाम से ज्ञापन क्रमांक 94 तह./ प्र.वा./2025 बोड़ला दिनांक 25/02/2025 प्राप्त हुआ है जिसके परिपालन में सीमांकन कार्यवाही हेतु दिनांक 05/06/2025 को नियत किया गया है उक्त सीमांकन में हित रखने वाले व्यक्ति संस्था समुदाय व अन्य कोई अपने भूमि से संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ नियत दिनांक को उपस्थित रह सकते है।

जारी दिनांक - 25/02/2025
पेशी तिथि - 05/06/2025

मुहर
राजस्व निरीक्षक
बोड़ला

### नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम से बदलेगा बोड़ला का भविष्य

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डंगनिया में किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के बोड़ला विकासखंड में ग्राम विकास और जल संरक्षण को लेकर बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत तारों के आश्रित गांव डंगनिया का दौराकर तालाब जीर्णोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम पंचायत तारों के आश्रित ग्राम डंगनिया पहुंचे, जहां उन्होंने मुक्तिधाम के पास तालाब जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया। साथ ही निर्माण एजेंसी के रूप में कार्यरत ग्राम पंचायत को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्यो को आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए, ताकि मानसून के दौरान तालाब में जल भराव हो सके और भविष्य में जल संरक्षण की ठोस व्यवस्था बन सके।

उन्होने आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम को जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में एक दीर्घकालिक समाधान बताते हुए कहा कि बोड़ला को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप भारत सरकार ने आकांक्षी विकासखंड के रूप में चयनित किया है। यह चयन बोड़ला के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस विकासखंड में प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी प्रभावी रूप से संचालित हो रहे हैं। निरीक्षण के पश्चात उपमुख्यमंत्री ने कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर ग्राम विकास की दिशा में आवश्यक विचार-विमर्श किया। ग्रामीणों की मांग को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने ग्राम डंगनिया में हैंडपंप खनन की स्वीकृति की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा।

### जल संरक्षण की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं कदम, 23 ग्राम पंचायतों में बने तालाबो का जीर्णोद्धार

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आकांक्षी विकासखंड बोड़ला के अंतर्गत 23 ग्राम पंचायतों में तालाब निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में तीन लाख रूपए की लागत से तालाब जीर्णोद्धार की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे कुल 69 लाख रूपए की प्रशासकीय मंजूरी जारी की गई है। इन ग्राम पंचायतों में रहंगी, तारों, दुर्जनपुर, आमानआरा, भोंदा, खारा, घानीखुटा, केसामर्दा, चेन्द्रादादर, छपरी, बद्दो, मंडलाटोला, तितरी, सिवनीखुर्द, भेलवाटोला, ऊसरवाही, खमरिया, निवासपुर, पंडरिया, अंधरीकछार, मुड़घुसूरी मैदान, कुकरापानी एवं बोरिया शामिल हैं। वहीं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इन सभी कार्यो का उद्देश्य जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर में वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को बरसात के पूर्व पूर्ण करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इससे ग्रामीण अंचल में जल संकट की समस्या का समाधान होगा और कृषि सहित अन्य कार्यों के लिए भी जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## खबर संक्षेप

### एक जून को रायपुर में आयोजित धरना स्थगित



**कवर्धा।** शिक्षक साझा मंच के बैनर तले तेईस शिक्षक संगठनों द्वारा 31 मई से रायपुर में संभागवार प्रारम्भ किए गए संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। शिक्षक साझा मंच में शामिल छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि इसी तारतम्य में जिले के शिक्षकों का एक जून को राजधानी रायपुर में होने वाला धरना कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि आगामी रणनीति की रूपरेखा तय करने हेतु एक जून को अपरान्ह 12 बजे रानी झांसी बालोद्यान कवर्धा में टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि पदाधिकारियों ने जिले समस्त शिक्षकों से जिला बैठक में समय पर उपस्थिति का आव्हान किया है।

### धरती आबा अभियान में 275 ग्राम होंगे लाभान्वित

**कवर्धा।** जिले में धरती आबा अभियान के तहत आगामी 15 जून से 30 जून तक जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस संबंध में संबंधित विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस अभियान एवं योजना में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं को शामिल किया गया है। उस योजना भारत और राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। जिसमे जिले के बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, सहसपुर लोहारा के 7, कवर्धा का 1 ग्राम शामिल है। इस अभियान एवं शिविर के माध्यम से आधार, राशन, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि, बीमा, पेंशन, रोजगार, मातृवंदना जैसी योजनाएं शामिल है, इन योजनाओं से वंचित परिवार, व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा। आगामी 5 वर्षों में पक्के मकान, सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास के कार्य शामिल है।

# श्री सतगुरु कबीर साहब के प्राकट्य उत्सव एवं संत समागम समारोह का भव्य आयोजन

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा शहर के लोहरा रोड़ में कबीर साहब का भव्य चौक बनाने की घोषणा की।
- इंडोर स्टेडियम को अब आचार्य पंथ श्री हकनाम साहब बहुउद्देशीय स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपने एक दिवसीय प्रवास पर शनिवार को कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा पहुंचे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। अपने प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा नगर के आचार्य पंथ श्रीगृन्धमुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय श्री सतगुरू कबीर साहब के 627 वें प्राकट्य उत्सव एवं संत समागम समारोह में भी शामिल हुए। इस भव्य आयोजन में संत-महात्मा, अनुयायी, एवं श्रद्धालु एकत्र हुए थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री सतगुरू कबीर साहब के तैल्य चित्र में पूजा-अर्चना, पुष्प अर्पण कर बंदगी किया। उन्होंने श्रद्धा के साथ सतगुरु के आदर्शों को नमन करते हुए पंथ श्री हुजूर नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सहित विशेष रूप से कबीरधाम जिले की शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। समारोह के दौरान पंथ श्री उदित मुनि नाम साहब ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कबीरपंथियों की मांग पर कवर्धा शहर में कबीरदास जी का एक स्मृति-चिह्न स्वरूप चौक बनाए जाने का आग्रह किया। इस पर त्वरित निर्णय लेते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोहारा रोड कवर्धा में एक अत्यंत सुंदर एवं भव्य चौक निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगे घोषणा की कि आचार्य पंथ श्रीगृन्धमुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थित इंडोर स्टेडियम को अब आचार्य पंथ श्री हकनाम साहब बहुउद्देशीय स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा। उन्होने कहा कि नामकरण की एक प्रक्रिया होती है वह चलती रहेगी लेकिन यहां घोषित नाम का बोर्ड कल से ही लग जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बेहद भावुक और गर्व से भरे शब्दों में कबीरधाम जिले की पहचान और संत कबीर साहब के प्रति लोगों की आस्था को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आपने सबके मन की बात कही है, और मैं आज कबीरधाम जिलेवासियों की मन की बात कह रहा हूँ। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि जब जिले का कोई व्यक्ति बाहर जाता है और अपने परिचय में कहता है कि मैं कबीरधाम से आया हूँ, तो उसमें केवल एक भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक गौरव और संत कबीर साहब के चरणों में जुड़ाव का भाव होता है। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कबीरधाम केवल एक जिला नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है, जो संत कबीर साहब के विचारों, शिक्षाओं और उनके सामाजिक क्रांति के संदेश से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि "दुनिया में शायद ही कोई ऐसा जिला होगा, जिसके लोग इतने गर्व से अपनी पहचान 'कबीरधामवासी' के रूप में करते हों। इस दौरान पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब ने अपने प्रवचनों में संत कबीर साहब के वचनों की महिमा का विस्तार से वर्णन किया।

### शासकीय महाविद्यालय भी संत परंपरा से जुड़ाः विजय शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले का शासकीय महाविद्यालय भी संत परंपरा से गहराई से जुड़ा हुआ है। इस महाविद्यालय का नाम आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहब के नाम पर रखा गया है, जो कबीर पंथ की ज्ञान परंपरा के अग्रदूतों में से एक हैं। यह नामकरण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक चेतना का वाहक भी है। अपने संबोधन में श्री शर्मा ने संत कबीरदास जी के आदर्शों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत कबीर साहब ने समाज को जात-पात, ऊंच-नीच, और बाह्य आडंबर से ऊपर उठकर मानवता, समानता और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

**समस्या:** मानूसन के पूर्व खस्ताहाल व्यवस्था को दुरस्थ कराने विभाग नहीं दिखा रहा रुचि

# जमीन से महज 5-6 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे 11 केव्ही तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अंचल में मानसून के सूक्रिय होने को अब कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो छत्तीसगढ़ राज्य में 15 जून से मानसून सक्रिय हो जाएगा। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा मानसून पूर्व अपनी खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था हो दुरूस्थ करने कोई पहल नहीं की जा रही है। जिससे बारिश के दिनो में जहां बिजली का रौना बढने की पूरी संभावना जताई जा रही है वहीं बदलहाल और खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था जीवलेवा खतरा भी भी उत्पन्न करते दिखाई दे रही है। इसकी एक बानगी जिले के विधानसभा पंडरिया स्थित ग्राम बिटकुली में साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि यहां छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की अनदेखी और घोरलापरवाही के चलते गांव से गुजरपे वाला 11 केव्ही विद्युत प्रवाहित तार जमीन से महज 5-6 फीट की ऊंचाई पर झूल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों से गुजरने वाला यह 11 केव्ही तार जमीन से इतनी नीचे है कि कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में आ सकता है। उन्होने बताया कि आने वाले दिनो में मानसून के सक्रिय होते ही गांव के किसान खेतों में खेती किसानी के कामकाज निपटाने पहुंचने लगेंगे ऐसे में विभागीय की इस तरह की घोर लापरवाही और अनदेखी इन किसानो के लिए जीवलेवा साबित हो सकती है। इसी प्रकार ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बिटुकुली में लगा विद्युत ट्रायफार्मर भी लम्बे समय से अस्त व्यवस्थ पड़ा हुआ है। ट्रांसफार्मर के तार जमीन से लटक रहे हैं, ग्रिप वाक्स जमीन से मजह कुछ ही ऊंचाई पर लगा है जिसमें न तो सुरक्षा बाक्स है और न ही ग्रिप लगा हुआ है उसमें सीधे जार जोड़कर काम चलाया जार रहा है। जिसकी चपेट में कभी भी कोई ग्रामीण अथवा मवेशी आ सकते हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि विद्युत विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की विभागीस अनदेखी और अव्यवस्था पूरे क्षेत्र में देखी जा सकती है जो निश्चित रूप से वर्षाकाल के दौरान बेहद खतरनाक साबित हो सकती है।

### समाधान शिविर में भी समस्या का नहीं किया गया समाधान





सत्ता रूढ़ दल के औहदेदार जनप्रतिनिधि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इन दिनो सुशासन तिहार के तइहत चलाए जा रहे समाधान शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों की तमाम छोटी बड़ी समस्याओं के समाधान का राग अलाप रहे हैं लेकिन ग्राम बिटकुली के किसानो की माने तो वैसे तो उन्होने करीब महिने भर पूर्व ही संबंधित विभाग को इस जीवलेवा अव्यवस्था की शिकवा शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से लिखित तथा मौखिक रूप से कर दी थी। लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होने पर पुनः 23 मई को ग्राम झलमला में आयोजित समाधान शिविर में इसकी शिकायत विद्युत विभाग से की गई थी। लेकिन आज इस शिकायत को भी करीब हप्ता भर हो गया है पर विभाग के आश्वासन के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ तो क्षेत्रीय विधायक समाधान शिविरों में ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं के समाधान की बात कर रही है और दूसरी तरफ अगर शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग और क्षेत्र की विधायक इतनी गंभीर और सीधे दौर पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानो के जीवन से जुड़ी समस्या का समाधान कराने में रूचि नहीं दिखा रही हैं तो वे और कौन सी समस्याओं व मांगों के समाधान की बात कर रही है समझ से परे हैं।

# भोरमदेव कारखाना से 10 लाख के सामान की चोरी दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭पोड़ी

बीते गुरूवार को भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में दबिस देकर करीब 10 लाख रूपए के सामान की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पोड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरमदेव शक्कर कारखाना राम्हेपुर से गत 29 मई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा कारखाने में लगे दो नग हार्ड वॉटर पंप, एक नग मदर एंड प्लांट कंपनी का पानी पंप कीमत 10 लाख रूपए की चोरी की गई थी। जिसकी जानकारी होने के बाद प्रार्थी शक्कर कारखाना के सुरक्षा गार्ड धनसिंह बैसाखु ने मामले की रिपोर्ट पोड़ी पुलिस चौकी में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोड़ी पुलिस ने तत्काल चोरी के सामान और चोर को पकड़ने के लिए टिम गठित की। इस दौरान पोड़ी में संचालित कई कबाड़ी दुकानों में जाकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पोड़ी पुलिस को कबाड़ दुकान संचालित करने वाले मुस्तकुद्दीन खान उर्फ मन्ना कबाड़ी के पास चोरी का सामान बरामद किया गया। जिसमें कबाड़ी दुकान के संचालक ने चोरी का सामान बेचने वाले चोर अर्जुन राजपूत की जानकारी दी। पोड़ी पुलिस ने जानकारी के आधार पर आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया। जिसके बाद पुलिस ने कारखाना से 10 लाख का सामान चोरी करने वाले आरोपी अर्जुन राजपूत तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ दुकान संचालक आरोपी मुस्तकुद्दीन खान उर्फ मन्ना को भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए),331(3) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तार के बाद उनका पोड़ी की सड़क में जुलूस भी निकाला।

## वेकेशन स्कीम और जमीन के नाम पर लाखों की ठगी

**कवर्धा।** टेक ए ट्रिप वेकेशन नामक कंपनी ने कवर्धा में वेकेशन पैकेज और जमीन देने का झांसा देकर दर्जनों लोगों से लाखों रुपए ठग लिए। पीड़ितों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए कंपनी और उसके संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं दिलीप चंद्रवंशी, हेमंत शर्मा, संजय कुमार और केआर चंद्रवंशी ने बताया कि कंपनी ने 5 वर्षों तक देशभर में फैमिली टूर, होटल में ठहरने, खाने-पीने और एक मुफ्त हवाई यात्रा की सुविधा का दावा किया। इसके साथ ही 900 वर्गफुट जमीन 5.30 लाख में देने का प्रलोभन देकर उनसे भारी रकम वसूली गई।

पेज 11 का शेष

### ग्रीष्मकालीन शिविर में...

स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि वेलफेयर फाउंडेशन, पुलिस विभाग और आईबी ग्रुप द्वारा यहां प्रतिभावान खिलाड़ियों को तीरंदाजी के खेल में तराशने प्रशिक्षण दिया जाता है। वहीं ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को प्रशिक्षण देने से यहां नए खिलाड़ी भी सामने आ रहे हैं। लगभग 5 वर्ष पूर्व यहां ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया था, तब से यहां निरंतर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**अतिथियों ने दी शुभकामनाएं**

कार्यक्रम को संबोधित करते वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश एच. लाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी ने कहा कि राजनांदगांव आर्चरी के क्षेत्र में काफी आगे जाएगा। उन्होंने यहां प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया।

**प्रतिभावान खिलाड़ी सम्मानित**

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, वरिष्ठ पत्रकार किशोर शिल्लेदार, तीरंदाजी के कोच अजेंद्र टांडेकर, हीरू साहू, विनीता साहू सहित बड़ी संख्या में तीरंदाजी के खिलाड़ियों के साथ अभिभावक शामिल हुए।

# कुटकीपारा में 11.60 लाख के विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम कुटकीपारा के ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकताओं के अनुरूप क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से स्वीकृत 11.60 लाख के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का गत दिनो जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में विधिवत भूमिपूजहन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, भरत साहू जनपद सदस्य, सरपंच विजय साहू, भागवत सेन, गोलू साहू ,तिलक साहू, राधे साहू, प्रमोद साहू, सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत कुतकीपारा पारा में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत मेन रोड से चंद्रिका के घर तक सीसी रोड निर्माण लागत राशि 2.60 लाख, रंग मंच निर्माण (स्कूल पारा) में लागत राशि 4.00 लाख, विधायक निधि से स्वीकृत चौक निर्माण कार्य दुर्गा चौक में लागत राशि 2.50 लाख तथा कांक्रीटीकरण कार्य खाद्य गोदाम के पास लागत राशि 2.50 लाख रूपए के कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश सरकार द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार ग्रामीणों की मांग एवं अवश्यकताओं को देखकर विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं और बकायदा उनका निर्माण कार्य भी भूमिपूजन के साथ शुरू किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जल्द ही ये स्वीकृत कार्य धरातल में नजर भी आने लगेंगे।

## हाई एवं मिडिल स्कूल बैरख में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस



**बोड़ला।** वनांचल बैरख के शासकीय हाई एवं मिडिल स्कूल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस मनाया गया। जिसमे सर्व प्रथम संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने 1987 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की शुरुआत की थी, ताकि तंबाकू महामारी और इसके कारण होने वाली मृत्यु दर व बीमारी की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके। सन 1987 में विश्व स्वास्थ्य सभा ने संकल्प डब्ल्यूएचए 40.38 पारित किया, जिसमें 7 अप्रैल 1988 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस दिवस मनाने का आह्वान किया गया इसके फल स्वरूप हर साल 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन और उसके साझेदार देश विश्व भर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाते हैं। जिसमें तंबकू के उपयोग से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डाला जा सके और लोगों को नशा से बचाया जा सके। अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर शिक्षक एवं विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक की मौजूदगी में नशा मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण कर लोगों को नशा मुक्त कराने जनजागरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच बैरख सुधारी मसराम, प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

**गौ ग्राम जन जागरण यात्रा एवं सम्मान समारोह सहित कई कार्यक्रम आयोजित**

# गौरकापा धाम में चार दिवसीय शनि जन्मोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान



पंडरिया क्षेत्रांतर्गत आने वाले अंचल के सुप्रसिद्ध गौरकापाधाम में शनि जयंती के पर्व पर आयोजित पांच दिवसीय शनिमहोत्सव मेला एवम गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन समारोह कल मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश चंद्रभूषण बाजपेई के मुख्य आतिथ्य एवम राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड आई पी एस अधिकारी कमल सिंह राजपूत के अलावा पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व गौरकापा धाम के थानापति महंत विवेकगिरी महाराज के नेतृत्व में सभी अतिथियों ने न्याय के देवता शनिदेव एवम गौमाता का विधि विधान से पूजन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जहां गौ वंश के महत्व पर प्रकाश डाला वहीं प्रत्येक घर में कम से कम एक गौ पालन पर बल दिया। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने कहा कि हमारी देशी गाय इस धरा की प्रत्यक्ष और त्वरित फल प्रदान करने वाली देवी मां है। इसका पालन पोषण और की गई सेवा कभी निष्फल नहीं होती। उन्होंने कहा कि दूध नहीं देने वाली गाय भी अपने पालने वाले परिवार को अपने ऊपर होने वाले भोजन तथा रखरखाव के खर्च से कई गुना ज्यादा लौटा कर देती है। गाय के प्रतिदिन स्पर्श, साहचर्य एवं उसके गोबर गौमूत्र से न केवल मानव शरीर की बड़ी से बड़ी व्याधियों को समूल नष्ट किया जा सकता है बल्कि कृषि के लिए कीटनाशक और खाद बना कर आर्थिक दृष्टि से भी लाभ लिया जा सकता है।

### सनातन सेवकों का सम्मान

कार्यक्रम में गौसेवा में समर्पित कार्यकर्ताओं के अलावा सप्ताह भर चलने वाले शनिमहोत्सव मेले में अपनी सेवा से सभी प्रकार की व्यवस्था बनाने में सहयोग देने वाले बजरंग दल, रास्व से संघ, स्काउट गाइड, विद्यार्थी परिषद सहित विविध क्षेत्रों से जुड़े सनातन सेवकों का भी सम्मान किया गया। अतिथियों ने ऐसे सभी सेवाधारी युवक युवतियों को प्रशस्ति पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रविनंदन पांडेय, राधेलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य राजकुमार यादव, स्थानीय सरपंच गोविंद यादव, पूर्व सरपंच कन्हैया यादव, गोलू तिवारी के अलावा मंदिर के साधु संत सहित बड़ी संख्या में जनसमुदाय यूपस्थित था। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन बिलासपुर के चंद्रशेखर बाजपेई ने किया।

# नागमोरी में दो वाहन भिड़े, लगा घंटों जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी



जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 ए में नागमोरी के पास एक ट्रक और ट्रेलर वाहन की सीड़ी भिड़त हो गई। बताया जाता है कि वाहनो की इस भिड़त के बाद जहां दोनो वाहनो के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं मार्ग भी भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को एम्बुलेंस की मदद से चिल्फी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया वहीं घटों की मसक्कत के बाद जैसे तैसे मार्ग को बहाल कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब 5.00 बजे चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत नागमोरी में विपरीत दिशा से आ रहे दो भारी वाहनो में सीधी भिड़ंत हो गई। बताया जाता है कि दोनो तेज रफ्तार वाहनो की भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनो वाहनो के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और वाहन सड़क में बेतरतीब ढंग से खड़े हो गए। घटना के मार्ग से आने जाने वाले दूसरे वाहनो की रफ्तार भी थम गई और देखते ही देखते मार्ग के दोनो ओर वाहनो की लम्बी कतारे लगना शुरू हो गई। इस बीच घटना की जानकारी चिल्फी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले तो सड़क दुर्घटना का शिकार हुए दोनो वाहनो के घायल चालकों को एम्बुलेंस की मदद से चिल्फी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया और करीब 10 घंटे की भारी मसक्कत कर मार्ग में लगे लम्बे जाम को खुलवाया। इस दौरान वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते कुछ महिनो से चिल्फीघाटी में लगातार जाम की स्थिति आए दिन निर्मित हो रही है।